न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व विविध प्रार्थना संख्या : 31/2026 भंवरलाल दहिया बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18.02.26	प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के आधार पर तहसीलदार लूणी के पत्र कमांक भू.अ./2026/401 दिनांक 05.02.2026 के द्वारा जवाब/जांच प्राप्त हुई। जो शामिल पत्रालवी की गई। तहसीलदार लूणी की जांच रिपोर्ट के अनुसार यह है कि प्रार्थी की भूमि राजस्व ग्राम शिकारपुरा के खसरा नम्बरं 308/2 रकबा 3.6422 किस्म बारानी प्रथम भूमि में प्रार्थी का नाम भंवरलाल पुत्र अमृतलाल जाति दर्जी खातेदार है। उक्त खातेदारी भूमि जरिये नामा. सं. 431 विरासत से प्रार्थी के नाम दर्ज हुई है। नामा. सं. 431 की प्रमाणित प्रति संलग्न है। प्रार्थी के पहचान दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, भामाशाह कार्ड आदि में भवंरलाल दहिया पुत्र अमृतलाल दहिया नाम दर्ज है। पत्रालवी का अवलोकन किया गया। बहस सुनी गई। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है। अतः तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाकर तहसीलदार लूणी को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम शिकारपुरा तहसील लूणी के खसरा संख्या 308/2 के राजस्व रेकर्ड में खातेदार का नाम भंवरलाल पुत्र अमृतलाल के स्थान पर भंवरलाल दहिया पुत्र अमृतलाल दहिया दर्ज कर रेकर्ड दुरस्ती का अमल दरामद करें। आदेश सुनाया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। हंसमुख कुमार आर. ए. एस. सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	